भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2082

जिसका उत्तर दिनांक 04.08.2022 को दिया जाना है

परमाणु रिएक्टर की स्थापना

2082 श्रीमती मौसम नूर :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2008 में फ्रांस के साथ हस्ताक्षरित व्यापक परमाणु समझौते के एक हिस्से के रूप में, 1650 मेगावाट के छः परमाणु रिएक्टरों की स्थापना के लिए अति विलंबित सौदे की प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान तकनीकी-व्यावसायिक प्रस्ताव का मुद्दा उठा था;

(ग) क्या सरकार ने इसके प्रभाव-आकलन पर विचार किया है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी का ब्यौरा क्या है अथवा इसके निष्कर्ष क्या हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) वर्ष 2016 में, जैतापुर नाभिकीय विद्युत परियोजना (जेएनपीपी) के क्रियान्वयन के लिए फ्रांस सरकार द्वारा मेसर्स ईडीएफ को नियुक्त किया गया था। इसके बाद, 1650 मेगावाट के छह नाभिकीय रिएक्टरों की स्थापना के लिए मेसर्स ईडीएफ के साथ समझौता ज्ञापन और औद्योगिक वे वायदा करार (आईडब्ल्यूएफए) पर हस्ताक्षर किए गए। व्यवहार्य परियोजना प्रस्ताव पर पहुंचने के लिए जून 2021 में मेसर्स ईडीएफ, फ्रांस द्वारा प्रस्तुत तकनीकी-वाणिज्यिक प्रस्ताव (टीसीओ), की विस्तृत समीक्षा की जा रही है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) तथा (घ) उपरोक्त (क) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

*****